RAJHIN2833/20/01/04

विधिक, प्रशासनिक एवं शिक्षाप्रद समाचारों से परिपूर्ण सम्पूर्ण हिंदी लोक कल्याणकारी समाचार पत्र कोटा, राजस्थान से प्रकाशित

Approved by Government of India

विश्व नायक

website: www.vishwanayaknews.com vishwanayaknews@gmail.com

सम्पूर्ण राज्य में प्रसारित व दक्षिण - पूर्वी , राजस्थान का हिन्दी भाषीय प्रमुख समाचार पत्र

वर्ष : 18 अंक : 164 कोटा, राजस्थान, बुधवार, 28 सितंबर 2022 पृष्ठ, मूल्य - रुपया

सीरी में सीएसआईआर के 81वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

डॉ किरणमयी को मिला डॉ स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल बेस्ट वूमेन रिसर्चर अवार्ड

बाबूलाल घोघलिया - विश्व नायक

पिलानी, 27 सितंबर, सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी, में 27 सितंबर, 2022 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 81वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया । देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर ए एल शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री के एस एन राव एवं डॉ आर एस शेखावत इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों सहित स्थानीय शिक्षण संस्था बिरला शिशु विहार के प्रधानाचार्य श्री पवन वशिष्ठ, सीरी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती वी राशेल सहित पिलानी के गणमान्यजन उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए एल शर्मा ने अपने स्थापना दिवस संबोधन में सीरी सहित सीएसआईआर के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने सीएसआईआर की विकास यात्रा में अपना योगदान देने वाले सभी पूर्व व वर्तमान साथियों को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की तथा सभी उपस्थित अतिथियों व सहकर्मियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ पंचारिया के कुशल नेतृत्व में संस्थान उन्नति के नए शिखर पर पहुँचेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री के एस एन राव एवं डॉ आर एस शेखावत ने संस्थान में बिताए अपने कार्य समय के कुछ संस्मरण साझा किए। उन्होंने सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सभी सहकर्मियों सहित सभी पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों व अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया और सभी अतिथियों, वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को 81वें सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर परिषद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्रमुख शोध कार्यों का विवरण दिया ।